11. "ग्राम तेलगांव में अर्जित किए जाने वाले प्लाट नम्बर" शीर्षक के नीचे—
"175 से 171, 341 (पी), 248/1, 284 से 396
तथा "515 से 432" के स्थान पर

क्रमशः "165 से 171", (पी), 384/1.384 से 396 तथा 515 से 532 पढ़ें।

12 : ग्राम भट गांव में अर्जित किए जाने वाले प्लाट नम्बर" शीर्षक से नीचे—

757/1, 830 (पी), 827/1, 828 से 834, 1036/2, 1052/1 से 1053/8, 1082 (पी), 1202/2, 1203/1, 1216, 1217/5 से 1215/14, 1405 और 1332 से 1434 के स्थान पर

क्रमशः 747/1, 823(पी), 927/1, 928 से 934, 1026/1, 1053/1 से 1053/8, 1092 (पी), 1201/2, 1203 से 1216, 1217/5 से 1217/14, 1305 तथा 1322 से 1434 पढ़ें।

13. "ग्राम दुग्दा में अर्जित किए जाने वाले प्लाट नम्बर" शीर्षक में—

(i) दुग्दा के स्थान पर
दुग्गा पढ़ें

(ii) उसी शीर्ष के नीचे

"से 226, 230 से 224, 248 (पी), 354/12, 513 से 419 के स्थान पर

क्रमशः "224 से 226, 239 से 244, 249 (पी), 364/2, 513 से 519 पढ़ें।

260/2 से पहले आनेवाले 260/1 और 596/6 (पी) तथा 636 के बीच में आनेवाले 596 को हटा दिया जाए

14. पृष्ठ 153 पर

"ग्राम बिसाही में अर्जित किए जाने वाले प्लाट नम्बर" शीर्ष के नीचे—

279/1 से 297/3 और से 536 के स्थान पर

क्रमशः 297/1 से 297/3 तथा 536 पढ़ें

15. सीमा वर्णन शीर्षक के नीचे—ब्लाक 4 पी ख 17-ख 13 में—

428 के स्थान पर
429 पढ़ें

16 पृष्ठ 154 पर

ब्लाक 4 की रेखा ख—41-ख 42 में

(i) 532 और 30/1 के स्थान पर
क्रमशः 523 और 301 /1 पढ़ें

(ii) प्लाट नम्बर 512 के बाद प्लाट नम्बर 511 जोड़ा जाए

पृष्ठ 154 पर
रेखा ख 48-ख 21 में
प्लाट नम्बर 483 और 482 के बीच में
प्लाट नम्बर 481 जोड़ा जाए

[संख्या 19(35)/77 सी० एल०]

एम० आर० ए० रिजवी, निदेशक

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Coal)

New Delhi, the 3rd July, 1978

CORRIGENDUM

S.O. 2084.—In the notification of Government of India, in the Ministry of Energy (Department of Coal) No. S.O. 186, dated the 22nd December, 1977, published at pages 155—160 of the Gazette of India, Part II Section 3, sub-section (ii), dated the 21st January, 1978,—

(1) at page 155,—

(a) in para 1 for "1638.75 hectares" read "1638.95 hectares";

(b) for "Schedule 'A' " read "Schedule 'I' ";

(c) in Schedule portion (i) under heading "Plot numbers to be acquired in village Telgaon" for "464(P)" read "564(P)";

(ii) under heading "Plot numbers to be acquired in village Bhatgaon" for "1565" read 1665";

(2) at page 156 under the heading "boundary description", in Block II, in line A23-A24 for "209/3, and meets at point A24" read "209/3, 213 and meets at point A24";

(3) at page 157 under Block III, in line A37-A38 for "231" read "331";

(4) at page 159, in Schedule II,—

(a) in Schedule II, after North Bisrampur Coalfields (Madhya Pradesh) for "Drawing No. WCL/PLG/BKP/Bhatgaon/Land/1-77 dated 12-7-1776" read "Drawing No. WCL/PLG/BKP/Bhatgaon/Land/1-77 dated 12-7-1976".

(b) under the heading "Plot numbers to be acquired in village Bhatgaon"—

(i) for "1054 to 1097" read "1059 to 1074";

(ii) for "1207(P)" read "1307(P)";

(5) at page 159,—

(a) under the heading "Plot numbers to be acquired in village Dugga,—

(i) for "538,1" read "538/1";

(ii) for "588|1, read '588|1(P)";

(b) under the heading "Plot numbers to be acquired in village Kapsara for "257(P), 257(P)" read "257(P)";

(6) at page 160 under the heading "Boundary description in Block VI,—

(a) in line B-42-B43, for "9/8" read "9, 8";

(b) in line B43-B44 for "243, 244, 242", read "243, 242".

[No. 19(35)/77-CL].

S. R. A. RIZVI, Director.

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, 29 जून, 1978

का० आ० 2085:—भूतपूर्व राजस्व तथा कृषि विभाग की 25 जुलाई, 1900 की अधिसूचना संख्या 1616 एफ के साथ प्रकाशित नियमावली के नियम 3 की धारा (क) तथा उसके साथ पठित नियम 4, जिसमें समय-समय पर संशोधन होता रहा है, के अनुसरण में भारत सरकार सन्त हरचन्द सिंह भूतपूर्व विधायक ग्राम लोंगोवाल, जिला संगरूर (पंजाब) को तत्काल से भारतीय लोक अकाल न्यास के प्रबन्ध मंडल में श्री राम लखन, भूतपूर्व विधायक, 86 मेलूपुरा वाराणसी के स्थान पर मंडल का सदस्य नियुक्त करती है।

[संख्या 15-2/78-एस० आर०]

नगेन्द्र सिंह, उप सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE & IRRIGATION

(Department of Agriculture)

New Delhi, the 29th June, 1978

S.O. 2085.—In accordance with clause (a) of Rule 3 of the Rules published with the late Department of Revenue & Agriculture Notification No. 16160F dated the 25th July, 1900 read with Rule 4 thereof as amended from time to time, the Government of India are pleased to appoint Sant Harchand Singh, Ex. MLA, village Longowal, District Sangroor (Punjab) as member of the Board of Management, Indian People Famine Trust with immediate effect vice Shri Ram Lakhan, Ex. MLA, 86 Bhelupura, Varanasi.

[No. 15-2/78-SR]

NAGINDER SINGH, Dy. Secy.

(ग्राम विकास विभाग)

नई दिल्ली, 29 जून, 1978

का०आ० 2086.—बकरे-बकरी की खाल के श्रेणीकरण और चिन्ह नियम, 1978 का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार, कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिन्ह) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और खाल श्रेणीकरण और चिन्ह नियम, 1937 को अधिक्रांत करते हुए, बनाने की प्रस्थापना करती है, उक्त धारा की अपेक्षानुसार उन सभी व्यक्तियों की सूचना हेतु प्रकाशित किया जाता है जिनका उनके द्वारा प्रभावित होना संभाव्य है तथा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां जिसमें यह अधिसूचना प्रकाशित की जाए, जनता को उपलब्ध कराई जाएं।

किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार विनिर्दिष्ट तारीख से पूर्व उक्त प्रारूप के संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी आक्षेप अथवा सुझाव पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

प्रारूप नियम

बकरे-बकरी की खाल के श्रेणीकरण और चिन्ह नियम, 1978

1. संक्षिप्त नाम और लागू होना : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम बकरे-बकरी की खाल के श्रेणीकरण और चिन्ह नियम, 1978 है।

(2) ये भारत में उत्पादित सूखी और आर्द्र लवणित बकरे-बकरी की खाल को लागू होंगे :

2. परिभाषाएं :— इन नियमों में—

(1) "कृषि विपणन सलाहकार" से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत और इसके अन्तर्गत उसके अधीनस्थ ऐसा अधिकारी भी है जिसे इन नियमों के अधीन कृषि विपणन सलाहकार द्वारा शक्तियां प्रत्यायोजित की जाएं।

(2) "अमृतसर वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत है :—

आकार—नियमित और फैला हुआ :

बाल मोटे एवं लम्बाई में छोटे से लेकर मध्यम तक

पदार्थ—अच्छा एवं पतला,

दाने—मोटे,

क्षेत्रफल, 4,877 वर्ग से०मी० (5-1/4 वर्ग फुट),

क्वालिटी—30 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 30 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृतियां);

(3) "सर्वोत्तम पटनावाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :

आकार—नियमित और फैला हुआ,

बाल—उत्तम से लेकर थोड़े मोटे तक,

पदार्थ—साधारण से लेकर अच्छा तक,

वजन—प्रति 500 नग का 204 से लेकर 215 कि०ग्रा० (450 से 475 पौंड);

क्षेत्रफल—3484 से लेकर 3716 वर्ग से० मी० (3-1/4 से 4 वर्गफुट) तक क्वालिटी—40 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 20 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल)—सूखी लवणित;

(4) "कलकत्ता—अधित वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—

बाल—उत्तम से मोटे तक ;

पदार्थ—बहुत अच्छा;

क्षेत्रफल—4,181 वर्ग से०मी० (4½ वर्ग फुट), क्वालिटी—50 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 10 प्रतिशत तृतीय वाली—आर्द्र लवणित ;

(5) "दक्षिण —बम्बई मध्य प्रदेश, वाली" "निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत है :—

आकार—बहुत कुछ आयताकार;

बाल—छोटे, नरम और चमकदार,

दाने—मध्यम से लेकर मोटे तक;

पदार्थ—काफी भरा हुआ, क्षेत्रफल 1,645 वर्ग से० मी० (5 वर्ग फुट);

क्वालिटी—30 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 से 50 प्रतिशत तक, द्वितीय और 20 प्रतिशत तृतीय वाली;

(6) "दक्षिण—मद्रास वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत है :—

आकार—"कार्कानाडा वाली" की अपेक्षा आकार रहित अधिक लम्बा पैटर्न;

बाल—मध्यम;

पदार्थ—अच्छा;

क्षेत्रफल—4,877 वर्ग से० मी० (5¼ वर्ग फुट);

(7) "दिनाजपुर वाली"—से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—

आकार—अनियमित; कोणीय से लेकर फैला हुआ तक; किनारे अधिक खींचे हुए; भारतीय ढाका वाली से अधिक गन्दा।

बाल—उत्तम से लेकर मध्यम तक;

पदार्थ—मध्यम से लेकर अच्छा तक;

वजन—प्रति 500 नग का 204 से लेकर 215 कि०ग्रा० (450 से 475 पौंड) तक;

क्षेत्रफल 3,716 वर्ग से० मी० (4 वर्ग फुट) ;

क्वालिटी—45 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 15 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल) सूखी लवणित;

(8) "हिन्दीगुल वाली"—से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार— सम प्रकार का;
बाल—छोटे, बहुत अधिक काले;
पदार्थ—साधारण; दाने—उत्तम ;
क्षेत्रफल—4,181 वर्ग से० मी० ($1\frac{3}{4}$ वर्ग फुट);

(9) "बकरे—बकरी की खाल"—ये बकरे बकरी अथवा मैमने की, उनके वध के पश्चात्, निकाली गई खाल अभिप्रेत है ;

(10) "गुजरात किस्म"—से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—चौड़ाई की अपेक्षा लम्बाई में अधिक फैला हुआ;
बाल—मोटे एवं लम्बाई में छोटे से लेकर लम्बे तक ;
दाने—मध्यम से लेकर मोटे तक ;
पदार्थ—काफी भरा हुआ ;
क्षेत्रफल—4,877 वर्ग से० मी० ($5\frac{1}{4}$ वर्ग फुट);
क्वालिटी—80 प्रतिशत और वाली और द्वितीय वाली मिलाजुलाकर 20 प्रतिशत तृतीय वाली ;

(11) "भारतीय ढाका वाली"—से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—प्रायः लम्बा;
बाल—उत्तम ;
पदार्थ—अच्छा;
वजन—प्रति 500 नग 215 से लेकर 227 कि०ग्रा० (475 से 500 पौंड) तक;
क्षेत्रफल 3,716 से लेकर 4181 वर्ग सें०मी० (4 से लेकर $4\frac{1}{2}$ वर्ग फुट) तक;
क्वालिटी—40 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 10 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल) सूखी लवणित;

(12) "भारतीय खुशियों वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
बाल—उत्तम एवं नरम ;
पदार्थ—बहुत अच्छा;
क्षेत्रफल—4,181 वर्ग से० मी० ($4\frac{1}{2}$ वर्ग फुट);
क्वालिटी—50 प्रतिशत प्रथम वाली,
40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 10 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल). आर्द्र लवणित;

(13) "काकीनाडा" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—लम्बा प्रकार
बाल—मध्यम;
दाने—उत्तम ;
पदार्थ—अच्छा;
क्षेत्रफल—4,877 सें०मी० ($5\frac{1}{4}$ वर्ग फुट);

(14) "लम्बाई—से वह माप अभिप्रेत है जो खाल को लम्बाई में समतलित कर और सपाट बिछाकर तथा पूंछ के मूल से उस बिन्दु तक, जहां गले का सामने वाला भाग सबसे अधिक चौड़ा हो, मापने के पश्चात् प्राप्त होती है ;

(15) "लखनऊ कानपुर वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—नियमित, औसत गर्दनों के साथ वर्गाकार;
बाल—उत्तम लम्बाई में मध्यम से लेकर छोटे तक;
पदार्थ—अच्छा; दाने—मध्यम से लेकर उत्तम तक;
क्षेत्रफल—4,181 वर्ग से० मी० ($4\frac{1}{2}$ वर्ग फुट) ;
क्वालिटी—35 प्रतिशत प्रथम वाली, 35 प्रतिशत द्वितीय वाली और 30 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल);

(16) "मद्रास जिले वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—वर्गाकार प्रकार;
बाल—मध्यम;
पदार्थ—मध्यम से लेकर अच्छा तक;
दाने—उत्तम;
क्षेत्रफल—4,645 वर्ग सें०मी० (5 वर्ग फुट);

(17) "मालाबार वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—वर्गाकार प्रकार और छोटी माप ;
दाने—उत्तम;
पदार्थ—अच्छा;
क्षेत्रफल—3,716 वर्ग सें०मी० (4 वर्ग फुट);

(18) "माल्दा वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—अनियमित, कोणीय से लेकर फैला हुआ तक, किनारों पर अधिक खिचा हुआ; भारतीय ढाका वाली से अधिक गंदा।
बाल—उत्तम से लेकर मध्यम तक;
पदार्थ—मध्यम से लेकर अच्छा तक;
वजन—प्रति 500 नग 204 से लेकर 115 कि० ग्रा० (450 से लेकर 475 पौंड) तक;

(19) "खाज या खुर्ज" से ऐसा नुकसान अभिप्रेत है जो चर्म रोग कारक और सामान्यतः खारिश के नाम से ज्ञात किसी परजीवी द्वारा खाल में कारित होता है;

(20) "मुजफरपुर पटना वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—नियमित, फैला हुआ;
बाल—उत्तम;
पदार्थ—अच्छा;
क्षेत्रफल—3,484 से लेकर 3,716 वर्ग सें० मी० (3 से 4 वर्ग फुट) तक ;
क्वालिटी—40 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 20 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल) सूखी लवणित;

(21) "मुजफरपुर वाली" —से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—नियमित, फैला हुआ;
बाल—उत्तम और नरम;
पदार्थ—अच्छे से लेकर मध्यम तक;
वजन—प्रति 500 नग 181 से लेकर 204 कि०ग्रा० (400 से 450 पौण्ड) तक ;
क्षेत्रफल— 3,716 वर्ग सें०मी० (4 वर्ग फुट);
क्वालिटी—45 प्रतिशत प्रथम वाली, 40 प्रतिशत द्वितीय वाली और 15 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल) ;

(22) "पटना वाली"—से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—नियमित, फैला हुआ;
बाल—मोटे;
पदार्थ—मध्यम से लेकर पतला तक ;
वजन—प्रति 500 नग 193 से लेकर 204 कि०ग्रा० (425 से लेकर 450 पौंड) तक;
क्वालिटी—30 प्रतिशत प्रथम वाली, 45 प्रतिशत द्वितीय वाली और 25 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल) सूखी लवणित;

(23) "पूरब वाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—लम्बी गर्दन के साथ लम्बा और पेट पर संकरा;
बाल—उत्तम, लम्बाई से मध्यम से लेकर छोटे तक ;
पदार्थ—औसत ;
क्षेत्रफल—लगभग 3,167 वर्ग सें०मी० (4 वर्ग फुट);
क्वालिटी—40 प्रतिशत प्रथम वाली, 35 प्रतिशत द्वितीय वाली, और 25 प्रतिशत तृतीय वाली (अस्वीकृत माल) ;

(24) "अनुसूची" से इन नियमों के संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है :—

(25) "शोलापुरवाली" से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार—आयाताकार;
बाल—छोटे नरम और चमकदार;
दाने—मध्यम से लेकर मोटे तक ;
पदार्थ—बहुत भरा हुआ;
क्षेत्रफल—4,645 वर्ग सें०मी० (5 वर्ग फुट) ;
क्वालिटी—30 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत तक प्रथम वाली; 40 से 50 प्रतिशत तक द्वितीय वाली और 20 प्रतिशत तृतीय वाली।

(26) "विशेष डिन्डीगुल वाली"—से निम्नलिखित विवरण की खालें अभिप्रेत हैं :—
आकार - सम प्रकार;
बाल—छोटे, बहुत अधिक काले,
पदार्थ—अच्छा;
दाने—उत्तम ;
क्षेत्रफल—4,181 वर्ग सें०मी० (4½ वर्ग फुट) ;

(27) "वार्बल" से वह नुकसान अभिप्रेत है जो हाईपोडर्मा काउई जाति की वार्बल मक्खी के लार्वे द्वारा खाल में छेद करने से कारित होता है।

(28) "चौड़ाई" से वह माप अभिप्रेत है जो खाल की लम्बाई में समकलित कर और बिछाकर तथा बलन के पेट से किनारे पर आगे और पीछे के पैरों के मध्य बिन्दु तक सम कोणों पर मापने से प्राप्त होती है।

नोट—पूर्वोक्त खण्डों में छोटे, मध्यम और लम्बे बाल के प्रति निर्देश से निम्नलिखित मापों के बाल अभिप्रेत है :—

स्पष्टीकरण—1—छोटे बाल—2.54 सें०मी० (1") ;
मध्यम बाल—2.54 सें०मी० से लेकर 5.7 सें०मी० (1" से 2¼") तक।
लम्बे बाल—5.8 से०मी० से अधिक (2¼" से अधिक)।

स्पष्टीकरण 2—उपर्युक्त परिभाषाओं में दर्शाए गये क्वालिटी और क्षेत्रफल केवल पहिचान के लिए है तथा पैकिंग के लिये लागू नहीं होंगे और अनुसूची 2 से 18 तक के उपबन्धों के अधीन होंगे।

3—श्रेणी अभिधान—चिन्ह—श्रेणी अभिधान—चिन्ह "एगमार्क" शब्द के साथ भारत के मानचित्र की रूपरेखा का एवं (Produce of India) (भारतीय उत्पाद) शब्दों के साथ उगते हुए सूर्य का चित्र होगा, जैसा कि अनुसूची में दिखाया गया है।

4—क्वालिटी की परिभाषा—विभिन्न श्रेणी अभिधानों द्वारा दर्शायी गई बकरे/बकरी की खाल की क्वालिटी ऐसी होगी जैसी 2 से लेकर 18 तक कि अनुसूचियों के भाग 1 के स्तम्भ (2) से लेकर (7) तक में ऐसे अभिधानों के सामने और उक्त अनुसूचियों के अन्तर्गत आने वाली वाणिज्यिक क्वालिटी के अनुसार उपवर्णित की गई हो।

5—श्रेणी अभिधान—बकरे-बकरी की खाल की क्वालिटी उपदर्शित करने के लिए श्रेणी अभिधान अनुसूची 2 से लेकर 18 तक के भाग 1 के स्तम्भ 1 में उपवर्णित अभिधानों के अनुसार होंगे।

6. चिन्हन की पद्धति—श्रेणी अभिधान चिन्ह का लेबल खाल के प्रत्येक पैकेज में कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित रीति से मजबूती के साथ लगाया जायेगा और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां स्पष्ट रूप से दर्शित की जायेंगी :—

1—पैक किए जाने का स्थान
2—क्वालिटी
3—श्रेणी
4—खालों की संख्या
5—पैक किए जाने की तारीख
6—निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर
7—प्राधिकरण प्रमाणपत्र की विशेष शर्तें —

सामान्य श्रेणीकरण और चिन्हन नियम, 1937 के नियम 4 में विनिर्दिष्ट शर्तों के अतिरिक्त, इन नियमों के प्रयोजन के लिये जारी किए गए प्रत्येक प्राधिकरण प्रमाणपत्र के लिये निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी :—

(क) प्राधिकृत पैकर के परिसर साफ सुथरे होंगे और उनमें बकरे-बकरी की खाल के शासकीय निरीक्षण एवं चिन्हन के लिए पर्याप्त स्थान एवं सुविधा की व्यवस्था होगी।

(ख) पैकिंग से पहले और इसके बाद बकरे-बकरी की खाल की प्रतिचयन पद्धति, जांच, चिन्ह और निरीक्षण के बारे में और उनके अभिलेख रखने के सम्बन्ध में, समय-समय पर कृषि विपणन सलाहकार द्वारा जारी किए गए समस्त अनुदेशों का सभी संबंधित व्यक्तियों द्वारा सख्ती से पालन किया जाएगा।

अनुसूची 1

(नियम 3 देखिए)

बकरे-बकरी की खालों के पैकजों में प्रयुक्त श्रेणी अभिधान चिन्ह

"एगमार्क"
शब्द के साथ
भारत के मानचित्र की रूपरेखा एवं
Produce of India (भारतीय उत्पाद)
शब्दों के साथ उगते हुए सूर्य का चित्र।

पैकिंग का स्थान———
क्वालिटी———
श्रेणी———
खालों की संख्या———
पैकिंग की तारीख———

(निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर)

अनुसूची 2

(नियम 4 और 5 देखिए)

I. "कलकत्ता-वधित खाली" नाम से प्रख्यात कलकत्ता-वधित बकरे-बकरी की खाल (क० ब० ब० खा०) के श्रेणी अभिधान एवं क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी पदार्थ		सहायता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खर्जु और अन्य चर्मरोग कि चिह्न	बाह्य क्षतियों से हुए नुकसान चिह्न	स्फोट और खुले हुए वार्बल छिद्र (पोखरा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव एवं चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	अच्छा (साइज के अनुरूप)	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	किनारे से 51 मि० मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिलाकर 51 मि० मी० की माप तक के दो कटाव या छिद्रों के सिवाय, अनुज्ञात नहीं।	छापे का कोई चिह्न न हो। रक्त, धूल और अन्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गए हों। तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। प्रतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	प्रायः सभी आकार एवं छटाव (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए।
2.	साधारण रूप से अच्छा (साइज) से बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं)	खाज, खर्जु अथवा अन्य रोग चिह्न से प्रभावित 26 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात।	कुल 26 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात	पूरी खाल पर फैले हुए 4 से या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात। खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न केवल 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—	—यथोक्त—
3.	सह्य पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात	कुल मिला कर 39 वर्ग सें०मी०से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिला कर 39 वर्ग सें०मी०से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक खुले हुए छिद्र या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिन से खाल के प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होता हो।	यदि छापे के चिह्न किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हो तो वे अनुज्ञात नहीं। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गये हों। तापन के कोई दृश्यमान निशान न हो। मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुछ झड़े बाल अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—

II. छटाव प्रतिशत :

1	2	3
जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो।		

1	2	3	4	5	6	7	8	9

III. मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100 × 45	90 × 40	80 × 35	70 × 30	आर्द्र लवणित खालों के लिये ।
81 × 45	74 × 40	67 × 35	60 × 30	सूखी लवणीकृत खालों के लिये ।

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार ।

IV. पैकिंग की मानक पद्धति :

(किसी परेषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार ।

टिप्पण :—(1) 70 सें० मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जायेंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी।

(2) विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी।

अनुसूची 3

(नियम 4 और 5 देखिए)

1. "भारतीय बुशितयों वाली" के नाम से ज्ञात भारतीय बुशितय बकरे-बकरी की खाल (भा० बु० ब० खा०) के श्रेणी अभिज्ञान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी	पदार्थ	साध्यता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खर्जु और अन्य चर्मरोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए बार्बल छिद्र (पोखा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. अच्छा (साइज के अनुरूप)		अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	किनारे से कुल 51 मि०मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिला कर 51 मि०मी० की माप के दो कटावों या छिद्रों के सिवाय अनुज्ञात नहीं ।	छापे का कोई चिह्न न हो। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो । सिर और खुर निकाले गये हों । तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अति भारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं ।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधन या परिरक्षित ।	प्रायः सभी आकार एवं छटाव (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता पैक है किन्तु यदि उसे एक साथ ही किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपवर्णित की जानी चाहिये ।
2. साधारण रूप से अच्छा (साइज से बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं)		खाज, खर्जु अथवा अन्य रोग चिह्न से प्रभावित 26 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात ।	कुल 26 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात ।	दूरी खाल पर फैले हुए 4 से या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि०मी० की संयुक्त लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात । खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न केवल 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात ।	—यथोक्त—	—यथोक्त—	—यथोक्त—

1	2	3	4	5	6	7	8	9
3.	सख्त पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात।	कुल मिला कर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिला कर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 खुले हुए छिद्र या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों से अनधिक अनुज्ञात।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिससे खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होता हो	यदि छापे के चिह्न किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्ति-युक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गये हों। तापन के कोई दृश्यमान निशान न हों। मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुछ झड़े बाल अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—

II. छटाव प्रतिशत

1	2	3

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो।

III. मानक न्यूनतम माप, सेन्टीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100×45	90×40	80×35	70×30	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिये।
81×45	74×40	67×35	60×30	सूखी लवणीकृत खालों के लिये।

या क्रेता और विक्रेता के बीच के संविदा के अनुसार।

IV. पैकिंग की मानक पद्धति

(किसी परेषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार

टिप्पण :—(1) 70 सें० मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमने खालों के रूप में वर्गीकृत की जाएंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

(2) विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

अनुसूची 4

(नियम 4 और 5 देखिए)

"भारतीय ढाका खालों" के नाम से ज्ञात भारतीय ढाका (भा० ढा० ब० खा०) बकरे-बकरी की खाल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी		पदार्थ		सहूयता			साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खर्रा और अन्य चर्मरोग के चिह्न	बाहूय क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए वार्बल छिद्र (पोखा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
6	अच्छा (साइज के अनुरूप)	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	किनारे से कुल 51 मि० मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिला-कर 51 मि० मी० की माप के दो कटावों या छिद्रों के सिवाय, अनुज्ञात नहीं।	छापे का कोई चिह्न न हो। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गये हों। तापन या बाल गड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अति-भारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	प्रायः सभी आकार एवं छटाव (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिये।

1	2	3	4	5	6	7	8	9
2.	साधारण रूप से अच्छा (साइज में बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं)	खाज, खर्ज अथवा अन्य रोग चिह्न से प्रभावित 26 वर्ग से० मी० से अनधिक अनुज्ञात।	कुल 26 वर्ग से० मी० से अनधिक अनुज्ञात ।	पूरी खाल पर फैले हुए 4 से या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात। खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न—केवल 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात।	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त
3.	सब्जी पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात	कुल मिलाकर 39 वर्ग से० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात :	कुल मिलाकर 39 वर्ग से० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक खुले हुए छिद्र या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिनसे खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होता हो।	यदि छापे के चिह्न किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्ति-युक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गए हों। तापन के कोई दृश्यमान निशान न हों। मोटा ग्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुछ झड़े बाल अनुज्ञात।	यथोक्त	यथोक्त

II. छटाव प्रतिशत

1	2	3

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो।

III. मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में, (लम्बाई × चौड़ाई)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100 × 45	90 × 40	80 × 35	70 × 30	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिए
81 × 45	74 × 40	67 × 35	60 × 30	सूखी लवणीकृत खालों के लिए

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार ।

IV. पैकिंग की मानक पद्धति

(किसी परेषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार ।

टिप्पण :– (1) 70 से० मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जाएंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी ।

(2) विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल से लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

अनुसूची 5

(नियम 4 और 5 देखिए)

1. "दिनाजपुर वाली" के नाम से ज्ञात दिनाजपुर बकरे-बकरी की खाल (दि० न० खा०) के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी	पदार्थ	सह्यता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खुर्ज और अन्य चर्मरोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए वार्बल छिद्र (पांखा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	अच्छा (साईज के अनुरूप)	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	अनुज्ञात नहीं	किनारे से कुल 51 मि०मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिला कर 51 मि० मी० की माप के दो कटावों या छिद्रों के सिवाय अनुज्ञात नहीं ।	छापे का कार्य चिह्न न हों । रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो । सिर और खुर निकाले गये हों । तापन या बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं । अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं ।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित ।	प्रायः सभी आकार एवं कटाव (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिये ।
2.	साधारण रूप से अच्छा (साइज में बड़ा कुल अनुज्ञात नहीं)	खाज खुर्ज अथवा अन्य रोग चिह्न से प्रभावित 26 वर्ग से० मी० से अनधिक अनुज्ञात ।	कुल 26 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात ।	पूरी खाल पर फैले हुए 4 से या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात ।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि०मी० की संयुक्त लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात । खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न—केवल 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात ।	—यथोक्त—	—यथोक्त —	—यथोक्त—
3.	सह्य पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात	कुल मिला कर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात ।	कुल मिला कर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात ।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक खुले हुए छिद्र या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात नहीं ।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिनसे खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होता हो ।	यदि छापे के चिह्न किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं । रक्त, धूल और अन्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों । सिर और खुर निकाले गये हों । तापन के कोई दृश्यमान निशान न हों । मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं । कुछ झड़े बाल अनुज्ञात ।	—यथोक्त—	—यथोक्त—

1	2	3	4	5	6	7	8	9

ii. छटाव प्रतिशत

1	2	3	
जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो ।			
iii. मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में, (लम्बाई × चौड़ाई)			
अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100 × 45	90 × 40	80 × 35	70 × 30	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिये
81 × 45	74 × 40	67 × 35	60 × 30	सूखी लवणीकृत खालों के लिये
या क्रेता और विक्रेता के बीच के संविदा के अनुसार।				

4. पैकिंग की मानक पद्धति
(किसी पोषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार

टिप्पण :—1. 70 सें० मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जायेंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी ।

2. विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल से लवणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी।

अनुसूची 6

[नियम 4 और 5 देखिए]

1. "पटना वाली" नाम से ज्ञात साधारण पटना बकरे-बकरी की खाल (सा० प० ब० खा०) के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी	पदार्थ	सहजता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खजूं और अन्य चर्मरोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए बार्बल छिद्र (पोखा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	अच्छा (साइज के अनुरूप)	दो छोटे (टिक) चिह्न तक अनुज्ञात	अनुज्ञात नहीं	दो तक अनुज्ञात	किनारे से 51 मि० मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिला कर 51 मि० मी० की माप के एक या दो कटावों या छिद्रों के सिवाय अनुज्ञात नहीं ।	छापे का कोई चिह्न न हो । रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों । सिर और खुर निकाले गए हों । तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं ।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित ।	प्रायः सभी आकार एवं कटाव (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपवर्णित की जानी चाहिये ।
2.	साधारण रूप से अच्छा (साइज में बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं)	खाज, खुजूं अथवा छोटे (टिक) चिह्न से प्रभावित 26 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात	कुल 26 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात	पूरी खाल पर फैले हुए 4 से अनधिक या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित आनधिक या तक अनुज्ञात	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि० मी० की संयुक्त लंबाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात। खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न—केवल 76 मि० मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात ।	—यथोक्त—	—यथोक्त—	—यथोक्त—

1	2	3	4	5	6	7	8	9
3.	सह्य पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात	खाज खर्जु अथवा छोटे (टिक) चिह्न से प्रभावित कुल मिला कर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात	कुल मिला कर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक खुले हुए छिद्र या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात ।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिनसे खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होना हो ।	यदि छापे के चिह्न किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं । रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो । सिर और खुर निकाले गये हों । तापन के कोई दृश्यमान निशान न हों । मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं । कुछ झड़े बाल अनुज्ञात ।	—यथोक्त—	—यथोक्त—

II. कटाव प्रतिशत

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो ।

III. मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100 × 45	90 × 40	80 × 35	70 × 30	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिये
81 × 45	74 × 40	67 × 35	60 × 30	सूखी लवणीकृत खालों के लिये

IV. पैकिंग की मानक पद्धति

(किसी पोषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार

टिप्पण—1. 170 सें० मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खाले के रूप में वर्गीकृत की जायेंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी ।

2. विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से मुक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी ।

अनुसूची 7

(नियम 4 और 5 देखिए)

1. "सर्वोत्तम पटना वाली" या "मुजफ्फरपुर पटना वाली (नाम से ज्ञात सर्वोत्तम पटना" या मुजफ्फरपुर पटना) बकरे-बकरी की खाल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी	पदार्थ	सहता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाल अथवा खर्जु और अन्य चर्मरोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए बार्बल छिद्र (पोखा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	अच्छा (साइज के अनुरूप)	दो लघु (टिक) चिह्न तक अनुज्ञात	अनुज्ञात नहीं	दो तक अनुज्ञात	किनारे से 51 मि०मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिलाकर 51 मि०मी० की माप के एक या दो कटावों या छिद्रों के सिवाय, अनुज्ञात नहीं ।	छापे का कोई चिह्न न हो । रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों के युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों । सिर और खुर निकाले गये हों । तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं ।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित ।	प्रायः सभी आकार एवं कटाव क्वालिटियों का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिये ।

1	2	3	4	5	6	7	8	9
2.	साधारण रूप से अच्छा (साइज में बड़ा धुल अनुज्ञात नहीं),	खाज, खर्जु अथवा अन्य रोग चिह्न से प्रमाणित 28 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात	कुल 26 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात	पूरी खाल पर फैले हुए 4 से या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि०मी० की संयुक्त लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात। खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न—केवल 76 मि०मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—	—यथोक्त—
3.	साद्र पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात	खाज, खर्जु या अन्य चर्म रोग चिह्न से प्रभावित कुल मिला कर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिला कर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक, खुले हुए छिद्रों या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिनसे खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होता हो।	यदि छापे के चिह्न किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्ति-युक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गये हों। तापन के कोई दृश्यमान निशान न हो। मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुल झड़े बाल अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—

II. कटाव प्रतिशत

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपवर्णित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो।

III. मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में लम्बाई × चौड़ाई

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100 × 45	90 × 40	80 × 35	70 × 30	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिये
81 × 45	74 × 40	67 × 35	60 × 30	सूखी लवणीकृत खोलों के लिये

IV. पैकिंग की मानक पद्धति

(किसी पोषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार

टिप्पण :—1. 70 सें० मी० से कम लम्बी नाप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जायेंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी।

2. विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल में लवणों से मुक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जायेंगी।

अनुसूची 8

(नियम 4 और 5 देखिए)

1. "मुजफ्फरपुर वाली" नाम से ज्ञात मुजफ्फरपुर बकरे-बकरी की खाल (मु०ब० खा०) के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी	पदार्थ	सह्यता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खुर्जु और अन्य चर्म रोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए बार्बले छिद्र (पोखा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. अच्छा (साइज के अनुरूप)		दो लघु (टिक) चिह्न तक अनुज्ञात	अनुज्ञात नहीं	दो तक अनुज्ञात	किनारे से कुल 51 मि०मी० के भीतर लम्बाई में कुल मिलाकर 51 मि० मी० की माप के एक या दो कटावों या छिद्रों के सिवाय, अनुज्ञात नहीं।	छापे का कोई चिह्न न हो। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों। सिर और खुर निकाले गए हों। तापन और मास लटकने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं।	आर्द्र या सूखी लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	प्रायः सभी आकार एवं कटाव (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए।
2. साधारण रूप से अच्छा (साइज में बड़ा कुल अनुज्ञात नहीं)		खाज, खर्जु अथवा अन्य रोग चिह्न से प्रभावित 26 वर्ग से० मी० से अनधिक अनुज्ञात।	कुल 26 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात।	पूरी खाल पर फैले हुए 4 से या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि०मी की संयुक्त लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात। खाल के अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक खाल उतारने से हुए चिह्न—केवल 76 मि०मी० की संयुक्त लम्बाई अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—	—यथोक्त—
3. सह पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात।		कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक खुले हुए छिद्र या किसी विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात।	ऐसे कटाव और छिद्र अनुज्ञात जिनसे खाल के 60 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न होता हो।	यदि छापे के चिह्न के किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों। सिर और खुर निकाले गए हों। तापन के कोई दृश्यमान निशान न हों। मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुछ सड़े माल अनुज्ञात।	—यथोक्त—	—यथोक्त—

1	2	3	4	5	6	7	8	9

II छंटाव प्रतिशत

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिह्नित किया गया हो।

III मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
100 × 45	90 × 40	80 × 35	70 × 30	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिए
81 × 45	74 × 40	67 × 35	60 × 30	सूखी लवणीकृत खालों के लिए

IV पैकिंग की मानक पद्धति :

(किसी परेषण में अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
5	25	50	20	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार।

टिप्पण : 1. 7 सें०मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जाएंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

2. विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

अनुसूची 9

(नियम 4 और 5 देखिए)

I. "अमृतसर वाली" के नाम से ज्ञात अमृतसर बकरे-बकरी की खाल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा।

श्रेणी	पदार्थ	सहजता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खुर्जु और चर्मरोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए वाबंले छिद्र (पोला छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	मध्यम से लेकर अच्छी तक।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी०के० भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात।	अनुज्ञात नहीं।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि०मी० के लम्बाई के माप के 4 कटाव या छिद्रों के सिवाय अनुज्ञात नहीं अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक कुल 76 मि०मी० की लम्बाई के खाल उतारने के चिह्न अनुज्ञात।	छापे का कोई चिह्न न हो। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गये हों तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अभिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	(क) जब नाप पर बेची जाए तब विक्रय के आधार पर निम्नलिखित किसी समूह के अन्तर्गत या विनिर्देशों के अनुसार होना चाहिए। (ख) प्रायः सभी आकार (क्वालिटियों) का माल पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए। (ग) यदि ऐसी खोलें खारी लवणीकृत (कलकत्ता पद्धति की) या आर्द्र लवणीकृत हों तो जी० के०जी० (अनुसूची सं० 2) के अनुसार श्रेणीकृत की जाएंगी।

1	2	3	4	5	6	7	8	9
2.	पतले से लेकर अच्छी तक।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 4 से अनधिक या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 152 मि मी० की लम्बाई से अधिक के कटाव या छिद्र अनुज्ञात खाल की मोटाई के आधे से अनधिक किसी भी लम्बाई के खाल उतारने के चिह्न अनुज्ञात। किन्तु पूरी खाल पर बिखरे हुए 8 से अनधिक और किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 16 तक अनुज्ञात।	यथोक्त	यथोक्त	यथोक्त
3.	सख्त पदार्थ सहित पतली खाल अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 10 से अनधिक खुले हुए छिद्र, या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्रों तक अनुज्ञात।	खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान न करने वाले कटाव और छिद्र अनुज्ञात।	यदि छापे के चिन्ह किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों। सिर और खुर निकाले गए हों। तापन के कोई दृश्यमान निशान न हों। मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुछ छाड़े बाल अनुज्ञात।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण द्वारा या अन्य किसी पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	यथोक्त

II. छंटाव प्रतिशत :

1 2 3

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिन्हित किया गया हो।

III. मानक न्यूनतम माप, सेंटीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई) :

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
110 × 60	100 × 55	90 × 50	80 × 45	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिए
100 × 60	90 × 55	80 × 50	70 × 45	सूखी लवणीकृत खालों के लिए

IV. पैकिंग की मानक पद्धति (वजन के आधार पर) :

500 नग के लिए 500 से 2500 पौंड तक या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार।

माप के आधार पर पैकिंग की मानक पद्धति

वर्ग	अतिबड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी
0	0	15	35	50
1	5	15	35	45
2	5	20	35	40
3	10	25	35	30
4	15	30	35	20
5	15	45	40	0

सामान्य आधार चौथा या पांचवा समूह

उपर्युक्त समूहों के अतिरिक्त, निम्नलिखित मापों के आधार पर विक्रय होता है :

(i) केवल अति बड़ी; या

(ii) केवल बड़ी; या

(iii) 50 प्रतिशत बड़ी और 50 प्रतिशत अति-बड़ी।

टिप्पण : 1. 70 सें०मी० से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जाएंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

2. विभिन्न प्रावेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

अनुसूची 10

(नियम 4 और 5 देखिए)

I. 'पूरब वाली' के नाम से ज्ञात उत्तर-पूर्वी या पूरब बकरे-बकरी की खाल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा।

श्रेणी	पदार्थ	सह्यता: खाज अथवा खुर्ज और चर्मरोग के चिन्ह	सह्यता: बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिन्ह	सह्यता: स्फोट और खुले हुए वार्बल छिद्र (पोखा छिद्र)	सह्यता: खाल उतारने के कटाव और चिन्ह	सह्यता: अन्य	साधारण शर्त	टिप्पण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	मध्यम से लेकर अच्छी तक।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें०मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात।	अनुज्ञात नहीं	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि०मी० की लम्बाई के माप के 4 कटाव या छिद्रों के सिवाय अनुचित नहीं। अन्य भागों में खाल की मोटाई से आधे तक कुल 76 मि०मी० की लम्बाई के खाल उतारने के चिन्ह अनुज्ञात।	छापे का कोई चिन्ह न हो। रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गये हों। तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं ?	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	(क) जब नाप कर बेची जाएं तब विक्रय के आधार निम्नलिखित किसी समूह के अन्तर्गत या विनिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।

1	2	3	4	5	6	7	8	9

समूह	अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी
0	0	15	35	50
1	5	15	35	45
2	5	20	35	40
3	10	25	35	30
4	15	30	35	20
5	15	45	40	0

सामान्य आधार चौथा या पांचवा समूह है। उपर्युक्त समूहों के अतिरिक्त निम्नलिखित मापों के आधार पर भी विक्रय होता है :—

(i) केवल अति-बड़ी; या

(ii) केवल बड़ी; या

(iii) 50 प्रतिशत बड़ी और 50 प्रतिशत अति बड़ी।

2.	साधारण रूप से अच्छा साइज से बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें०मी० से अनधिक अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 4 से अनधिक और किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 152 मि०मी० की लम्बाई से अनधिक के कटाव और छिद्र अनुज्ञात। खाल की मोटाई के आधे से अनधिक किसी भी लम्बाई के खाल उतारने के चिन्ह अनुज्ञात, किन्तु पूरी खाल पर बिखरे हुए 8 से अनधिक और किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 16 तक अनुज्ञात।	यथोक्त	यथोक्त	(ख) प्रायः सभी आकार के छंटाव (क्वालिटियों) में पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए। (ग) यदि ऐसी खालें खारी लवणीकृत (कलकत्ता पद्धति) की या आर्द्र लवणीकृत हों तो वे जी० के० जी० (अनुसूची सं० 2) के अनुसार श्रेणीकृत की जाएंगी।

II छंटाव प्रतिशत

1	2	3

जैसा कि पैकिंग विनिर्देशों में उपदर्शित और गांठों पर चिन्हित किया गया हो।

III मानक न्यूनतम माप सेंटीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
110 × 60	100 × 55	90 × 50	80 × 45	आर्द्र लवणीकृत बकरे-बकरी की खालों के लिए।
100 × 60	90 × 55	80 × 50	70 × 45	सूखी लवणीकृत बकरे-बकरी की खालों के लिए।

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार।

IV पैकिंग की मानक पद्धति :

(क) वजन के आधार पर

संविदा के अनुसार 500 नग के लिए 500 से 1200 पौंड (227 से 545 कि॰ग्रा॰) तक या विनिर्देशों के अनुसार।

(ख) माप के आधार पर—

(किसी पारेषण की अन्तर्वस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
10	25	35	30	100

या क्रेता और विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार।

टिप्पण : 1. 70 सें॰मी॰ से कम लम्बी माप वाली खालें मेमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जाएंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

2. विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

अनुसूची 11

(नियम 4 और 5 देखिए)

I. "लखनऊ/कानपुर वाली" के नाम से ज्ञात लखनऊ/कानपुर बकरे-बकरी की खाल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा।

श्रेणी	पदार्थ	सह्यता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खर्जू और चर्म रोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए वार्बल छिद्र (पोश्ता छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	मध्यम से लेकर अच्छा तक।	किनारे से 102 मि॰मी॰ के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें॰मी॰ से अनधिक अनुज्ञात	किनारे से 102 मि॰मी॰ के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें॰मी॰ से अनधिक अनुज्ञात	अनुज्ञात नहीं	किनारे से 102 मि॰मी॰ के भीतर 76 मि॰मी॰ की लम्बाई की माप के 4 कटाव या छिद्रों के सिवाय अनुज्ञात नहीं। अन्य भागों में खालों की मोटाई के आधे तक खाल उतारने के चिह्न, केवल 76 मि॰मी॰ की कुल लम्बाई अनुज्ञात।	छापे के कोई चिह्न नहीं रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गए हों तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	(क) जब नाप से बेची जाए तब बिक्री का आधार निम्नलिखित किसी समूह के अन्तर्गत या विनिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।

समूह	अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी
0	0	15	35	50
1	5	15	35	45
2	5	20	35	40
3	10	15	35	30
4	15	30	35	20
5	15	45	40	0

सामान्य आधार चौथा अथवा पांचवां समूह है। उपर्युक्त समूहों के अतिरिक्त निम्नलिखित मापों में भी विक्रय किया जाता है :—

(i) केवल अति बड़ी, या (ii) केवल बड़ी, या

(iii) 50 प्रतिशत बड़ी और 50 प्रतिशत अति बड़ी।

1	2	3	4	5	6	7	8	9
2.	साधारण रूप से अच्छा साइज में बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक अनुज्ञात,	पूरी खाल पर बिखरे हुए 4 से अनधिक या किसी एक विशेष स्थान पर केंद्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात,	कुल मिलाकर 102 मि० मी० से अनधिक लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात नहीं। खाल की मोटाई के आधे गहरे से अनधिक किसी भी लम्बाई के खाल उतारने के चिह्न अनुज्ञात, किन्तु पूरी खाल पर बिखरे हुए 8 से अनधिक या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 16 तक अनुज्ञात।	(i) केवल अति बड़ी, या (ii) केवलबड़ी, या (iii) 50 प्रतिशत बड़ी और 50 प्रतिशत अति बड़ी।	(ख) प्रायः सभी आकार एवं छंटाव (क्वालिटियों) में पृथक पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए। (ग) यदि खाल खारी लवणीकृत कलकत्ता पद्धति की) या आर्द्र लवणीकृत हो तो वह अनुसूची सं० 2 के अनुसार श्रेणीकृत की जाएगी

II छंटाव प्रतिशत :

1	2	3	कुल
85	15	—	100

या यथा विनिर्दिष्ट

III मानक न्यूनतम माप सेंटीमीटरों में (लम्बाई × चौड़ाई) :

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	
110 × 60	100 × 55	90 × 50	80 × 45	आर्द्र लवणीकृत खालों के लिए
100 × 60	90 × 55	80 × 50	70 × 45	सूखी लवणीकृत खालों के के लिए

या क्रेता एवं विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार

VI पैकिंग की मानक पद्धति

(क) वजन के आधार पर :

संविदा के अनुसार 500 नग के लिए 500 से 1400 पौंड (227 से 635 कि० ग्रा०) तक

मूल गणना का आधार 500 नग के लिए 1200 पौंड (545 कि० ग्रा०) पर किया गया आफर या जैसा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(ख) माप के आधार पर :

(किसी परेषण में अन्तर्यस्तुओं का प्रतिशत)

अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी	कुल
15	30	35	20	100

या क्रेता एवं विक्रेता के बीच की संविदा के अनुसार

टिप्पण :—1. 70 सें० मी० कम लम्बी माप वाली खालें मैमना खालों के रूप में वर्गीकृत की जाएंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

2. विभिन्न प्रादेशिक नामों वाली खालें उस प्रदेश की खाल के लक्षणों से युक्त होंगी और पृथक-पृथक पैक की जाएंगी।

अनुसूची 12

(नियम 4 और 5 देखिए)

1 "गुजरात किस्म खाली" के नाम से ज्ञात गुजरात किस्म की बकरे-बकरी की खाल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा।

श्रेणी	पदार्थ	सह्यता					साधारण शर्तें	टिप्पण
		खाज अथवा खर्जू और चर्म रोग के चिह्न	बाह्य क्षति से हुए नुकसान के चिह्न	स्फोट और खुले हुए वार्बल छिद्र (गोंडा छिद्र)	खाल उतारने के कटाव और चिह्न	अन्य		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	मध्यम से लेकर अच्छा तक।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर और गर्दन पर कुल मिलाकर 13 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	अनुज्ञात नहीं।	किनारे से 102 मि० मी० के भीतर 76 मि० मी० की लम्बाई की माप के 4 कटाव सिवाय अनुज्ञात नहीं अन्य भागों में खालों की मोटाई के आधे तक खाल उतारने के चिह्न केवल 76 मि० मी० की कुल लम्बाई अनुज्ञात।	छापे के कोई चिह्न नहीं, रक्त, धूल और अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हो। सिर और खुर निकाले गए हों तापन और बाल झड़ने के दृश्यमान निशान अनुज्ञात नहीं। अतिभारित संसाधन या मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं।	आर्द्र या सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी उपयुक्त पद्धति द्वारा उचित ढंग से संसाधित या परिरक्षित।	(क) जब नाप बेची जाए तब बिक्री का आधार निम्नलिखित किसी समूह के अन्तर्गत या विनिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।

समूह	अति बड़ी	बड़ी	मध्यम	छोटी
0	0	15	35	50
1	5	15	35	45
2	5	20	35	40
3	10	15	35	30
4	15	30	35	20
5	15	45	40	0

सामान्य आधार चौथा अथवा पांचवां समूह है। उपर्युक्त समूहों के अतिरिक्त निम्नलिखित मापों में भी विक्रय किया जाता है।

(i) केवल अति बड़ी, या (ii) केवल बड़ी, या (iii) 50 प्रतिशत बड़ी और 50 प्रतिशत अति बड़ी।

2.	साधारण रूप से अच्छा साइज में बड़ा बुल अनुज्ञात नहीं।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें० मी० से अनधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल पर बिखरे हुए 4 से अनधिक या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 6 से अनधिक अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 152 मि० मी० से अनधिक लम्बाई के कटाव और छिद्र अनुज्ञात नहीं। खाल की मोटाई के आधे गहरे से अनधिक किसी भी लम्बाई के खाल उतारने के चिह्न अनुज्ञात किन्तु पूरी खाल पर बिखरे हुए 8 से अनधिक या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित से 16 तक अनुज्ञात।	यथोक्त	यथोक्त	(ख) प्रायः सभी आकार एवं छंटाव (क्वालिटियों) में पृथक-पृथक पैक किया जाता है किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए।

1	2	3	4	5	6	7	8	9
3.	सख्त पदार्थ सहित पतली खाल।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें० मी० से अधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	कुल मिलाकर 39 वर्ग सें० मी० से अधिक को घेरने वाला क्षेत्र अनुज्ञात।	पूरी खाल में बिखरे हुए 10 से अधिक खुले छिद्र या किसी एक विशेष स्थान पर केन्द्रित 15 छिद्र तक अनुज्ञात।	खाल के 50 प्रतिशत से अधिक को नुकसान करने वाले कटाव और छिद्र अनुज्ञात।	यदि छापे के निशान किनारे से 102 मि० मी० के भीतर न हों तो वे अनुज्ञात नहीं। रक्त, धूल एवं अन्य बाह्य द्रव्यों से युक्तियुक्त रूप से मुक्त हों। सिर एवं खुर निकाले गए हों। तापन के दृश्यमान निशान न हों। मोटा प्लास्टर अनुज्ञात नहीं। कुल झड़े बाल अनुज्ञात।	आर्द्र अथवा सूखे लवणीकरण अथवा अन्य किसी पद्धति से उचित ढंग से परिरक्षित या संसाधित।	प्रायः सभी आकार एवं कटाव (क्वालिटियों) में पृथक-पृथक पैक किया जाता है। किन्तु यदि उसे एक साथ ही पैक किया गया हो तो यह बात गांठ पर उपदर्शित की जानी चाहिए।

II. छंटाव प्रतिशत :

	1	2	3	कुल
	85	15	..	100
या	70	30	..	100
या	80	20	..	100

